**ग्राम पंचायत दुलाहर, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

**अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024**

**भाग-एक**

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के संशोधन पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनांक-07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश, राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत दुलाहर, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण कार्य विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि 01-04-2022 से 31-03-2024 तक के दौरान ग्राम पंचायत दुलाहर में निम्नलिखित प्रधान एवं सचिव कार्यरत रहे :-**

**प्रधान**

| क्रम संख्या | पदाधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती वंदना कुमारी | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

**सचिव**

| क्रम संख्या | सचिव का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुभाष कुमार | 01-04-2022 से 02-06-2022 |
| 2. | श्री ओम् प्रकाश | 02-06-2022 से 31-03-2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

**ग्राम पंचायत दुलाहर, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई**

**गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है। जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष रूप से लाई जाती है।**

| **क्र० सं०** | **गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार** | **पैरा संख्या** | **राशि (₹ लाखों में)** |
|---|---|---|---|
| 01. | वेंडरों/आपूर्तिकर्ताओं से W, X फॉर्म प्राप्त किये बिना ही खनन सामग्री का अनियमित क्रय/ भुगतान करने बारे। | 8.1 | ₹45.92 |
| 02. | ठेकेदारों/संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकारी राजकोष को वित्तीय हानि बारे। | 8.2 | ₹0.15 |
| 03. | मनरेगा अनुदान के तहत सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय बारे। | 9.1 | ₹63.36 |
| 04. | औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय बारे। | 9.2 | ₹3.26 |
| 05. | बिना प्रॉपर/टैक्स बिलों के आपूर्तिकर्ताओं को अनियमित भुगतान बारे। | 9.3 | ₹48.62 |
| 06. | ग्राम पंचायत द्वारा क्रय स्टोर/स्टॉक को स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज न करना। | 9.4 | ₹48.62 |
| 07. | ग्राम पंचायत द्वारा महत्वपूर्ण रजिस्टरों अभिलेखों का संधारण न करने बारे । | 10.3 | --------- |

## भाग- दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षण :-

ग्राम पंचायत दुलाहर, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखाओं का प्रथम व वर्तमान अंकेक्षण श्री पवन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 26-11-2024 से 03-12-2024 तक ग्राम पंचायत दुलाहर के कार्यालय में किया गया। वर्तमान निधि लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए

निम्न मासों का चयन किया गया। जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | आय चयनित माह | व्यय चयनित माह |
|---|---|---|---|
| 1. | 2022-2023 | 03/2023 | 05/2022 |
| 2. | 2023-2024 | 06/2023 | 06/2023 |

**अस्वीकरण:-** वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3. अंकेक्षण शुल्क:-**

ग्राम पंचायत दुलाहर, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹5600/- आँका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-09 को प्रेषित करने हेतु पंचायत सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या SAD/CBA/2024/13 दिनांक 03-12-2024 द्वारा अनुरोध किया गया।

**4 वित्तीय स्थिति:-**

ग्राम पंचायत दुलाहर द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 04/2022 से 03/2024 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

**4.1 (अ) स्व:-स्त्रोत व अनुदान:** ग्राम पंचायत दुलाहर के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 तक स्व:-स्त्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है।

**1. स्व-स्त्रोत & 5th SFC**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | कुल प्राप्ति | कुल योग | कुल व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 797719.58 | 571929.00 | 1369648.58 | 396970.00 | 972678.58 |
| 2023-24 | 972678.58 | 487000.00 | 1459678.58 | 545121.00 | 914557.58 |

2. अनुदान

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | कुल प्राप्ति | कुल योग | कुल व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| **20222023** | **836852.30** | **16138090.77** | **16974943.07** | **16089134.77** | **885808.30** |
| **20232024** | **885808.30** | **23145632.38** | **24031440.68** | **22819412.38** | **1212028.30** |

कुल योग (1+2) **₹914557.58 + ₹1212028.30 = ₹2126585.88**

**(ब) ग्राम पंचायत दुलाहर का दिनांक 31/03/2024 को बैंक खातों में अन्तशेष विवरण**

| क्र० स० | अनुदान का नाम | खाता संख्या | बैंक का नाम | राशि 31-03-2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15TH FC | 99051100000152 | HPGB PUKHRI | **830879.00** |
| 2. | SDP/DCP | 99050100000486 | HPGB PUKHRI | **470955.00** |
| 3. | IAY | 99058100063242 | HPGB PUKHRI | **4320.00** |
| 4. | RAY /AAY | 99058100063241 | HPGB PUKHRI | **6659.30** |
| 5. | SBM | 99051100000233 | HPGB PUKHRI | **0.00** |
| 6. | VKVNY | 99050100000501 | HPGB PUKHRI | **13038.00** |
| 7. | Own Source & 5th SFC | 17910107002 | HPSCB CHAMBA | **913982.58** |
| | | | **CASH IN HAND** | **665.00** |
| | | | **TOTAL** | **₹ 2240498.88** |

**अन्तर (ब-अ) ₹2240498.88 - ₹2126585.88 = ₹ 113913.00**

### 5.1 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1.14 लाख का अन्तर :-

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत दुलाहर द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **7(3) व 10(1)** की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31-03-2024 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के

अन्तशेष में राशि ₹113913 का अन्तर रोकड़ बही में कम शेष के रूप में पाया गया। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4.1 में दिया गया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-08 दिनांक 30-11-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा। अत: भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**6.1 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की राशि ₹12.12 लाख का अवरोधन :-**

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 1 व 2** पर अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31-03-2024 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹1212028.30 की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा।

उक्त राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-08 दिनांक 30-11-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि, भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा। अत: अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.64 लाख की वसूली न करने बारे :-**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि, समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में समय

पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा।

ग्राम पंचायत दुलाहर के अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा सम्पत्ति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पत्ति कर की वार्षिक मांग व गत बकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चूककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेखानुसार निम्न राशि ₹63975 वसूली हेतु शेष थी।

| **वित्तीय-वर्ष** | **गत शेष** | **कुल परिवार** | **दर** | **वर्ष के दौरान मांग** | **कुल मांग** | **कुल प्राप्त राशि (₹)** | **बकाया राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 106025 | 480 | 50 | 24000 | 130025 | 66850 | 63175 |
| 2023-24 | 63175 | 482 | 50 | 24100 | 87275 | 21300 | 65975 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-12 दिनांक 03-12-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उत्तर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः सम्पत्ति /गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष में जमा न करना:-

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनांक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनांक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनांक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण के शुल्क की वसूली करने उपरान्त वसूली गई राशि को

सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

**(क)** अभिलेखों के अंकेक्षण में पाया गया कि, उक्त पंचायत सचिव द्वारा निम्नविवरणानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि ₹2700/- को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था अपितु इसे पंचायत के बैंक खाते में रखा गया था जोकि उक्त नियमानुसार अनुचित है।

| वित्तीय वर्ष | कुल पंजीकृत विवाह | APL Rate | | राशि | BPL Rate | | राशि | कुल राशि सामान्य व BPL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Without LateFee | With Late Fee | | Without Late Fee | With LateFee | | |
| 2022-23 | 06 | 2@200 | 0 | 400 | 3@25 | 1@50 | 125 | 525 |
| 2023-24 | 15 | 1@200 | 4@400 | 1800 | 5@25 | 5@50 | 375 | 2175 |
| **कुल योग** | **21** | **03@200** | **04@400** | **2200** | **08@25** | **06@50** | **500** | **2700** |

**(ख)** पंचायत के अभिलेखों के अवलोकन में पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार अपेक्षित विलम्ब शुल्क की वसूली नहीं की गई थी जिससे कि पंचायत को राशि ₹250 की वित्तीय हानि हुई।

| Sr | Regd Sr.no | Name & Sr.No as per Register | Date of Marriage | Date of Registration | Fees should be realised | Fees Charged | Less relisation |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 34 | Chandan Kumar | 07/12/2022 | 20/12/2022 | 200 | 0 | 200 |
| 2 | 43 | Lalit Kumar | 23/06/2023 | 26/07/2023 | 50 | 0 | 50 |
| | | | | **Total** | **250** | **0** | **250** |

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या-12 दिनांक 03-12-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा बताया कि, विवाह पंजीकरण शुल्क को पंचायत के बैंक खाते में रखा गया है तथा विलम्ब शुल्क के वसूली नहीं गई राशि की प्रतिपूर्ति करके इसे शीघ्र ही सरकारी राजकोष में जमा करवा दिया जायेगा। अत: उपरोक्त राशि ₹2950 की वसूली उपरान्त सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा गत वर्षों में इस प्रकार से सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाई गई राशि को भी जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये। भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**7.3 पंचायत राजस्व, दुकानों का किराया राशि ₹0.15 लाख की वसूली न करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **नियम 33** में प्रावधान है कि, ग्राम पंचायत का सचिव देखेगा कि,

समस्त राजस्व सही ढंग से व अविलम्ब तथा नियमित रूप से निर्धारित, वसूल व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में जमा करवाया गया है।

ग्राम पंचायत दुलाहर के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा छः दुकानें है जोकि किराये पर दी आबंटित की गई है। दुकानों का किराया नियमित रूप से वसूल नहीं किया जा रहा था, तथा दिनांक 31-03-2024 तक निम्नविवरणानुसार कुल राशि ₹15000/- वसूली हेतु शेष है। इसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "3"** में दिया गया है।

| वित्तीय वर्ष | अथशेष | दुकानों की संख्या | दर प्रति /दुकान | वर्ष के दौरान माँग | कुल योग | वर्ष के दौरान वसूली | वसूली हेतु शेष बकाया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 27950 | 06 | 50 | 3600 | 31550 | 14500 | 17050 |
| 2022-23 | 17050 | 06 | 50 | 3600 | 20650 | 5650 | 15000 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 12 दिनांक 03-12-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, दुकानों के किराये की वसूली समय पर की जाएगी। उतर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि होने के साथ-साथ किसी वैधानिक कठिनाई का सामना भी करना पड़ सकता है। अतः दुकान किराया की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.4 पंचायत द्वारा किराये पर आबंटित दुकानों के सम्बन्ध में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म,कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के **नियम 33** में प्रावधान है कि, ग्राम पंचायत का सचिव देखेगा कि समस्त राजस्व सही ढंग से व अविलम्ब तथा नियमित रूप से निर्धारित, वसूल व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में जमा करवाया गया है। इसके अत्तिरिक्त हि०प्र० पंचायती राज विभाग के कार्यालय आदेश संख्या पीसीएच-एचसी (7)10/30-3031-30436 दिनांक 07-09-2008 द्वारा ग्राम पंचायत के व्यावसायिक परिसरों/भवनों को किराये पर देने हेतु सम्बन्धित उपमंडलाधिकारी/तहसीलदार की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जानी आवश्यक है ताकि

भविष्य में किसी प्रकार के किसी क़ानूनी विवाद से बचा जा सके एवं कोई वैधानिक कठिनाई न हो।

ग्राम पंचायत दुलाहर, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा (हि०प्र०) की नमूना लेखा परीक्षा में पाया गया कि पंचायत के पास कुल छः दुकानें हैं जोकि छः किरायेदारों को आबंटित की गई थी परन्तु इन के सम्बन्ध में न कोई अभिलेख तैयार किये गए थे एवं न ही उक्त वर्णित सरकारी नियमों, आदेशों, अनुदेशों एवं शर्तों इत्यादि की अनुपालना नहीं की गई है।

**(क)** दुकानों को उक्त नियमानुसार किराये पर देने से पूर्व सम्बन्धित उपमंडलाधिकारी/तहसीलदार की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जानी आवश्यक है जिसकी अनुपालना पंचायत द्वारा नहीं की जा रही है।

**(ख)** नियमानुसार व्यवसायिक परिसरों/भवनों दुकानों इत्यादि का किराया लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम दरों से कम न हो तथा किराये में वृद्धि का प्रावधान किराया नियंत्रण अधिनियम 1987 के अनुरूप होना जरुरी है परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा उक्त दिशा-निर्देशों की अनुपालना नहीं की जा रही है।

**(ग)** दुकानों के किरायेदारों के साथ कोई भी अनुबंध नहीं किया गया है जोकि उचित नहीं है।

**(घ)** उक्त दुकानों से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख पंचायत द्वारा निर्धारित प्रारूप में तैयार नहीं किया जा गया है जिसके अभाव में उक्त सम्पत्ति से पंचायत को प्राप्त कुल वास्तविक आय- व्यय इत्यादि की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

इस गम्भीर अनियमितता के सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 12 दिनांक 03-12-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, किराये पर आबंटित दुकानों के सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह एक गम्भीर अनियमितता है जोकि उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाई जाती है। इसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है एवं भविष्य में किसी वैधानिक कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। अतः इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**8.1 आपूर्तिकर्ताओं/वेडरों से W, X फॉर्म प्राप्त किये बिना ही राशि ₹45.92 लाख की खनन सामग्री का अनियमित क्रय/भुगतान करने बारे :-**

हि० प्र० माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी कांट्रेक्टर/वेंडर द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर फॉर्म W या X प्रस्तुत करना अनिवार्य था अन्यथा आपूर्तिकर्ता से रॉयल्टी की वसूली 25 % पेनल्टी के साथ की जानी प्रावधित की गई थी। परन्तु निदेशक पंचायती राज व ग्रामीण विकास के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 20-11-2023 के अनुसार माननीय हाई कोर्ट हिमाचल प्रदेश के आदेश CWP No. 868 of 2023 की अनुपालना में किसी कांट्रेक्टर से खनन सामग्री की आपूर्ति/क्रय पर वैध ट्रांजिट पास (फॉर्म-W) या सप्लीमेंट्री ट्रांजिट पास (फॉर्म-X) उपलब्ध करवाने उपरान्त ही भुगतान किया जाना अनिवार्य था।

परन्तु ग्राम पंचायत दुलाहर के चयनित माहों के अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि, पंचायत द्वारा वेंडरों/ठेकेदारों से राशि ₹4591989 (संलग्न **परिशिष्ट "4"** के अनुसार) की खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी व पत्थर इत्यादि की आपूर्ति बिना W,X-फॉर्म प्राप्त किये ही ली गई जिसके परिणामस्वरूप उक्त राशि का अनियमित भुगतान किया गया जोकि उक्त आदेशों/नियमों की पूर्णतः अवहेलना है।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 05 दिनांक 30-11-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान W, X फॉर्म प्राप्त किये बिना ही किया गया लेकिन इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर संतोषजनक नहीं है।

अभिलेखों के अवलोकन व प्रस्तुत उत्तर से ऐसा प्रतीत होता है कि, ग्राम पंचायत में निष्पादित कार्यों हेतु क्रय खनन सामग्री के आपूर्ति स्त्रोत की वैधता सुनिश्चित किये बिना ही भुगतान किया गया। जोकि उक्त आदेशों व नियमों के प्रतिकूल है। चूँकि बिना W, X फॉर्म के क्रय से यह भी सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि वेंडर, जिससे क्रय किया गया वह खनन सामग्री के विक्रय हेतु अधिकृत था अथवा नहीं जिससे अवैध खनन के साथ-साथ खनन सामग्री पर सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व GST, रॉयल्टी की वित्तीय हानि की सम्भावना

को भी नहीं नकारा जा सकता है। यह एक गम्भीर अनियमितता है जो उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाई जाती है। अत: उक्त अनियमितता को समर्थित अभिलेखों सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत कार्रवाई/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.2 संविदाकारों से टी०डी०एस० की कटौती न करने के कारण सरकार को राशि ₹0.15 लाख की वित्तीय हानि बारे :-**

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194 (C,I) एवं GST एक्ट 2017 की धारा 51 (a) के अनुसार आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा भुगतान करने से पूर्व TDS की कटौती करना एवं उसे सरकारी कोष में समयबद्ध तिथि को जमा करवाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत दुलाहर के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नविवरणानुसार राशि ₹753571/- का भुगतान किया गया। परन्तु उक्त भुगतान करते समय स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) नहीं की गई थी। जिससे आयकर अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों की अवहेलना हुई जिसके फलस्वरूप सरकारी राजस्व के तौर पर राशि ₹15071/- (2%) की वित्तीय हानि आहरण व संवितरण अधिकारी के कारण हुई है।

| Sr. No. | Vr.No/ Date | Grant / Head | Detail of Supplier | Service Detail | Amount | TDS@ 2% | Applicable act & Sec. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01-07 / 06-08-22 | VKV NY | M/S Sharma Constructions PO Masroond ,Chamba | Hiring Charges of JCB | 288600 | 5772.00 | Income Tax Act 1961 Section 194 I |
| 2 | 8-11/ 23-09-22 | VKV NY | M/S Sharma Constructions PO Masroond ,Chamba | Hiring Charges of JCB | 163471 | 3269.42 | |
| 3 | Nil/ 19-05-22 | MGN REGA | Smt. Indu Village Halunda PO Sandhi, Chamba | Interlock Carrige | 31500 | 630.00 | IT Act 1961 Section 194 C |
| 4 | Nil/ 25-05-22 | MGN REGA | M/S Sanjhi Ram & Sons PO Parel, Chamba | Jhula, Slide, Sea Saw & Bench | 270000 | 5400.00 | GST Act 2017Section 51 a |
| | | | | **TOTAL** | **753571** | **15071.42** | |

इस अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 30-11-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, टी.डी.एस. के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में इसकी कटौती नहीं की गई

परन्तु इस सम्बन्ध में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । उत्तर संतोषजनक नहीं है ।

अत: आहरण व संवितरण अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण में टी.डी.एस की कटौती किये बिना किये गये भुगतानों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा आयकर अधिनियमों के तहत आहरण व संवितरण अधिकारी से उक्त राशि की वसूली ब्याज सहित करके तुरंत सरकारी राजकोष में जमा करवाया जाये इसके अतिरिक्त इस प्रकार के अन्य मामलों में अपने स्तर पर गणना करके राशि को जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाये ।

**8.3 ग्राम पंचायत स्तर पर निष्पादित निर्माण कार्यों से सम्बंधित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन, मापन पुस्तिका इत्यादि प्रस्तुत न करना :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है ।

ग्राम पंचायत की चयनित माहों की लेखा परीक्षा के दौरान संलग्न **परिशिष्ट "7"** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निष्पादित कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन, मापन पुस्तिका, FRA व प्रपत्र-34 इत्यादि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए । जिसके अभाव में किये गए कार्यों व उसमें प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय, खपत, सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी ।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या-09 दिनांक 22-11-2024 के प्रत्युत्तर में कहा कि, उक्त समस्त अभिलेख कनिष्ठ अभियंता के पास पड़े हैं । अंकेक्षण बारे उने सूचित कर दिया गया था परन्तु न तो उन्होने अभिलेख पंचायत को प्रेषित किये और न ही वे स्वयं उपस्थित हुए तथा तकनीकी सहायक के कार्य पूर्ण न होने के कारण अभी MB में अभिलिखित नहीं किया गया है । प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं है चूँकि उक्त कर्मचारियों द्वारा करवाये गए कार्यों के अभिलेखों का पंचायत में उपलब्ध न करवाना आपत्तिजनक है । अत: उक्त वांछित अभिलेखों को उपलब्ध न करवाने का औचित्य स्पष्ट करते हुए न्यायोचित

ठहराया जाये तथा मामले में अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.1 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत सामग्री पर तय अनुपात से राशि ₹63.36 लाख का अधिक/अनियमित व्यय करने बारे :-**

मनरेगा परिचालन दिशा-निर्देश 2013 (MNREGA Operatinal Guidlines 2013) **नियम 7.4** के अंतर्गत पंचायत स्तर पर मजदूरी व सामग्री को तय अनुपात में खर्च किये जाने के नियम प्रावधित हैं। जिसके अंतर्गत मजदूरी लागत का भौतिक लागत से अनुपात अधिनियम में निर्धारित 60:40 (मजदूरी व सामग्री) के न्यूनतम मापदंड से कम नहीं होना चाहिए।

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार सामग्री पर तय अनुपात से राशि ₹6335700 (34.47%) का अधिक व्यय किया गया। चूँकि सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय से रोजगार का कम सृजन हुआ परिणामस्वरूप ग्राम वासियों को कम कार्य दिवस मिले। जोकि न केवल उक्त दिशा-निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना है अपितु मनरेगा योजना के मौलिक उद्देश्य "ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने" को भी हतोत्साहित करता है।

| क्रम | वित्तीय वर्ष | कुल व्यय (लाखों में) | मजदूरी पर व्यय (लाखों में) | मजदूरी पर व्यय प्रतिशतता | सामान पर व्यय (लाखों में) | सामान पर व्यय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022-23 | 136.17 | 70.25 | 51.59% | 65.93 | 48.41% |
| 2. | 2023-24 | 206.82 | 70.19 | 33.94% | 136.63 | 66.06% |
| | **सामग्री पर तय अनुपात से अधिक व्यय** | | | | **6335700** | **+34.47%** |

इस सन्दर्भ में जारी अधियाचना संख्या-11 दिनांक 30-11-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव ने बताया कि, मनरेगा के अंतर्गत करवाये गए कार्यों में सामग्री का अनुपात अधिक होने के कारण सामग्री पर अधिक व्यय किया गया अधिक व्यय की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ली जाएगी। अत: उक्त अनियमितता को ठोस तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.2 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹3.26 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकंर्म, कराधान व भत्ते) व नियमावली 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकतायें यथा निविदायें,कुटेशन (Quatations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची ,आपूर्ति आदेश इत्यादि प्रावधित है।

परन्तु ग्राम पंचायत के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार राशि ₹326040/- के स्टॉक/स्टोर का क्रय से संबंधित वांछित अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे कि ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत द्वारा क्रय विहित औपचारिकताओं को पूर्ण किये बिना ही किया गया है जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है।

| Sr.No. Head | Vr. No./ Date | Material | Detail of Supplier | Amount | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.MNREGA | Nil/ 25-05-22 | Anarkali Bench, Sea Saw, Slide & Jhula | M/S Sanjhi Ram & Sons VPO Parel, Chamba | 270000 | **Tender/ Quotations** |
| 2.MNREGA | Nil/ 25-05-22 | Door,window,Gate | M/S Sanjhi Ram & Sons VPO Parel, Chamba | 26000 | **Quotations** |
| 3.MNREGA | Nil/ 25-05-22 | Paint, putty etc. | M/S Sanjhi Ram & Sons VPO Parel, Chamba | 30040 | **Quotations** |
| | | | **Total** | **326040** | |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-07 दिनांक 30-11-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि, उक्त आपूर्तिकर्ता का चयन ब्लाक स्तर पर किया गया है इसलिये पंचायत में इसका कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं है। प्रस्तुत उत्तर संतोषजक नहीं है।

अत: उक्त स्टोर/स्टॉक के क्रय हेतु विहित औपचारिकताओं के अभिलेखों को ब्लाक स्तर से शीघ्र प्राप्त किया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.3 बिना प्रॉपर/टैक्स बिलों के राशि ₹48.62 लाख के स्टोर/स्टॉक का अनियमित क्रय व भुगतान करने बारे :-**

ग्राम पंचायत दुलाहर के चयनित माहों के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "5"** के अनुसार राशि **₹**4861988 का भुगतान विभिन्न सामग्रियों के क्रय की एवज में किया गया परन्तु बिलों के अवलोकन में पाया गया यह बिल प्रॉपर/टैक्स बिल न होकर केवल कैश मैमों एवं परफोर्मा बिल हैं। इसके अतिरिक्त उक्त वेंडरों की GST पंजीकरण प्रतिलिपि भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई जिससे कि यह भी सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि उक्त विक्रेता GST धारक है या नहीं ? जिससे कि, इनकी सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 04 दिनांक 30-11-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि कहा कि, पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अधिकतर कैश मैमों व परफोर्मा बिलों पर ही दावे किये गये जिनका भुगतान पंचायत द्वारा GST सहित किया गया परन्तु इस सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी न होने के अभाव में यह सुनिश्चित नहीं किया गया कि वास्तव में GST को सरकारी राजकोष में जमा करवाया जा रहा है अथवा नहीं ? उक्त मामले की पंचायत स्तर पर छानबीन करके कृत कार्रवाई से अंकेक्षण विभाग को शीघ्र अवगत करवा दिया जायेगा। अत: इस सम्बन्ध में अपना पक्ष ठोस तथ्यों व अभिलेखों सहित यथाशीघ्र प्रस्तुत करते हुए उक्त किये गए व्यय को न्यायोचित ठहराया जाये तथा इसे अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ शीघ्र ही प्रेषित किया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.4 राशि ₹48.62 लाख के क्रय स्टोर/स्टॉक को स्टॉक रजिस्टर व बिल रजिस्टर में इन्द्राज न करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 48 के अनुसार बिल रजिस्टर का संधारण तथा नियम 69 के अनुसार क्रय स्टोर/स्टॉक का यथास्थिति, परिक्षण, गणना, माप,तोल करने उपरान्त उसे तुरंत स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्ट किया जाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत द्वारा अन्य अनुदानों हेतु संधारित स्टॉक रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि, पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार राशि ₹4861989 के स्टोर/स्टॉक को स्टॉक रजिस्टर में नियमानुसार इन्द्राज नहीं किया गया था आगे अवलोकन में यह पाया गया कि, पंचायत द्वारा बिल रजिस्टर का संधारण नहीं किया गया था जोकि न केवल उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना हैं अपितु इससे क्रय स्टोर/स्टॉक की दुर्विनियोजन की सम्भावना को भी नहीं नकारा जा सकता है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-10 दिनांक 30-11-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा सूचित किया कि स्टोर/स्टॉक के भंडारण रजिस्टर व बिल रजिस्टर का शीघ्र ही संधारण कर लिया जायेगा। चूँकि यह न केवल नियमविरुद्ध है अपितु स्टॉक व बिल रजिस्टर न होने के अभाव में सामग्री विशेष के दुरूपयोग की सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अत: नियमाविरुद्ध अपनाई गई इस कार्यप्रणाली को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तदानुसार कृत कार्रवाई से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.5 पंचायत की माप पुस्तिकाओं के रख-रखाव में पाई गई विविध अनियमितताओं बारे:-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के चैप्टर-11 के नियम 101 (ग) के अनुसार तकनीकी सहायकों की माप पुस्तिकाओं को कनिष्ट अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत के तकनीकी स्तर पर करवाए गए निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओं के अवलोकन में पाया गया कि यह उक्त नियमानुसार कनिष्ट अभियंता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं की गई थी जोकि नियमानुसार उचित नहीं है।

इस सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनांक 30-11-2024 के प्रत्युत्तर में कहा गया कि भविष्य में उक्त अनियमितताओं की पुनरावृत्ति नहीं की जाएगी। उत्तर संतोषजनक नहीं हैं। अतः उक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

**9.6 मनरेगा मटेरियल व वर्क रजिस्टर के संधारण में पाई गई विविध अनियमिततायें एवं मनरेगा रोकड़बही को प्रस्तुत न करने बारे :-**

